तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026

12 सशिमं में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया रथयात्रा...



12 हरियर महासमुंद के तहत शहर में 5000 पौधे...





## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड शिक्षक और उसके परिवार के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम राजपुर में रिटायर्ड शिक्षक और उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट व जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि राजपुर निवासी सेवानिवृत शिक्षक मूलचंद गौतम 16 जुलाई को खेत में लगे पेड़ की अपने नाती प्रकाश गौतम से कटाई-छंटाई करवा रहे थे। इसी दौरान रोहित पटेल अपने पुत्र देवानंद पटेल व देवेंद्र पटेल एवं अमन पटेल ने वहां पर आकर गाली गलौज कर मारपीट करना लगा। जब उसके परिवार के लोग आए तो चारों आरोपियों ने उसके नाती प्रकाश गौतम, हेतराम गौतम और करन गौतम के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान देवानंद पटेल और देवेंद्र पटेल ने टंगिया से प्रकाश गौतम, हेतराम गौतम के सिर और चेहरे में वार किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 109(1), 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### कनेकेरा में किसान के घर चोरी

**महासमुंद।** ग्राम कनेकेरा में एक किसान के घर चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि कनेकेरा के भोजराम साहू के घर से 11-12 जुलाई की रात पेटी और अटैची में रखे चांदी के सामान, कपड़े की चोरी हो गई। खोजबीन करने पर पेटी और अटैची गांव के दंदल साहू के ब्यारा में पड़ा हुआ मिला, जिसमें रखी एक जोड़ी चांदी का सांटी 36 तोला, एक चांदी की माला दो तोला, चांदी का सिक्का 4 नग कीमत करीब 20,000 रुपए एवं 10 नग साड़ी कीमत करीब 3000 रुपए नहीं थे। प्रार्थी ने रिपोर्ट में बताया कि इसी रात उसके भाई एतराम साहू के घर के कमरा अंदर रखे पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे नगदी रकम 5000 रुपए एवं 12 नग साड़ी कीमत करीब 3000 रुपए की चोरी भी हुई है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धार 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मोबाइल देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** मोबाइल देखने से मना करने पर ग्राम बेमचा के एक युवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 19 रामनगर पारा बेमचा निवासी भुनेश्वर ध्रुव 16.07.26 के रात्रि करीब 08.30 बजे अपने दोस्त डागेश्वर मानिकपुरी के साथ बालाजी मंदिर पुलिया के पास बैठकर मोबाइल देख रहा था, उसी समय द्रोण यादव ने आकर उससे मोबाइल मांग, जिस पर प्रार्थी ने मोबाइल देने से मना किया। जिससे गुस्से में आकर आरोपी द्रोण यादव ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

# मानसून रिएक्टिव : रुक-रुक कर हो रही लगातार बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मानसून के दोबारा सक्रिय होने के बाद जिले में लगातार रुक रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात से शुरु हुई बारिश शुक्रवार शाम तक जारी रही। नदी नालों में बहाव बढ़ने के साथ खेती किसानी में तेजी आई है। मौसम का मिजाज बदलने से तापमान में गिरावट से लोगों को राहत है और सप्ताह के आखिरी दिनों में घूमने फिरने वालों को अच्छा मौसम रहने की उम्मीद है।

मौसम विभाग ने जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए भारी से अति भारी वर्षा और तेज आंधी के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई है। प्रशासन ने निचले इलाकों में जलभराव और नदी-नालों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2026 से अब तक 370.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 486.4 मिलीमीटर, सरायपाली में 469.4 मिलीमीटर, महासमुंद में 360.9 मिलीमीटर, बसना में 316.9 मिलीमीटर, बागबाहरा में 311.1 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 281.2 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 17 जुलाई को 31.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 57.6 मिलीमीटर, बसना में 44.1 मिलीमीटर, सरायपाली में 35.9 मिलीमीटर, महासमुंद में 23.1 मिलीमीटर, बागबाहरा में 19.5 मिलीमीटर एवं कोमाखान तहसील में 8.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

**खास बातें**

- मौसम विभाग ने जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए भारी से अति भारी वर्षा और तेज आंधी के साथ आकाशीय बिजली गिरने की जताई आशंका

## मौसम का मिजाज बदलने से तापमान में गिरावट से लोगों को मिली राहत



### अगले 24 घंटे अहम

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार जिले में अगले 24 से 48 घंटों के दौरान मध्यम से भारी वर्षा की संभावना बनी हुई है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए हैं।

## अव्यवस्था: शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के भुरकोनी का मामला

# 12 साल से यहां नहीं हैं प्रमुख विषयों के 4 शिक्षक, ग्रामीणों ने मांगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- वर्ष 2014 से स्थिति खराब, बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों का भविष्य भी दांव पर

12 साल से जिले के इस शाला में भूगोल, गणित, हिंदी और भौतिक विज्ञान जैसे चार महत्वपूर्ण विषयों के नियमित शिक्षक पदस्थ नहीं किए गए हैं। यह हाल सामने आया है जिले के पिथौरा विकासखंड शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के भुरकोनी का जहां वर्ष 2014 से यह स्थिति बने रहने के कारण यहां पढ़ने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित है। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों का भविष्य भी दांव पर है।

स्कूल प्रबंधन समिति और ग्रामीणों ने इन विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को कई बार ज्ञापन सौंपा है। लेकिन, हर बार केवल आश्वासन मिलता रहा, जबकि जमीनी हकीकत जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों और पालकों का कहना है कि चार प्रमुख विषयों के शिक्षक नहीं होने से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। मजबूरी में कई विद्यार्थियों को ट्यूशन का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे ट्यूशन का खर्च नहीं उठा पाने के कारण पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं।

स्कूल प्रबंधन समिति ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही चारों विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई, तो छात्र-छात्राएं आंदोलन और हड़ताल करने को मजबूर होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग और प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए शासन-प्रशासन तत्काल भूगोल, गणित, हिंदी और भौतिक विज्ञान के नियमित शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित करे। ताकि, वर्षों से चली आ रही इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके।



### जम्हारी स्कूल का ताला खुला

शासकीय हाई स्कूल जम्हारी में शिक्षकों की मांग को लेकर विद्यार्थियों व पालकों के द्वारा विगत 7 दिनों से की गई तालाबंदी और चल रहा धरना प्रदर्शन आखिरकार समाप्त हो गया। कलेक्टर से मिले आश्वासन और प्रशासन के द्वारा 6 अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति के बाद पालकों ने स्कूल द्वार खोल दिया है। शासकीय हाई स्कूल जम्हारी में शिक्षकों की मांग को लेकर विद्यार्थियों व पालकों के द्वारा विगत 7 दिनों से स्कूल में तालाबंदी कर बाहर ही धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। पालकों के स्कूल में ताला जड़ दिये जाने के कारण बीते 7 दिनों से स्कूल की सभी शैक्षणिक गतिविधियां ठप थी। स्थानीय स्तर पर समस्या का समाधान न होता देखकर पालकों व ग्रामीणों ने महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मिलकर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षकों के नियुक्ति की मांग की। कलेक्टर ने जल्द ही शिक्षकों की नव नियुक्ति का आश्वासन दिया, जिसके बाद पालकगण मान गए।

# नशीली दवा ले जा रहे दो लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नशीली दवा परिवहन के दो मामलों में सरायपाली थाने में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 16 जुलाई को सरायपाली घंटेश्वरी मंदिर तिराहा के पास आरोपी विजय चौबे पिता श्याम सुंदर चौबे (20 वर्ष) शिव चौक लालपुर थाना टिकरापारा जिला रायपुर के कब्जे से प्रतिबंधित नशीली दवाई नाइट्रोसन टैबलेट 40 स्ट्रिप कीमत 3200 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इसी तरह सरायपाली पुलिस ने कुटेला ओवरब्रिज के नीचे आरोपी राजापुरी गोस्वामी पिता कैलाशपुरी गोस्वामी (25 वर्ष) निवासी वार्ड कमांक 02 वीरेंद्र नगर सरायपाली थाना सरायपाली के कब्जे से प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन 80 नग पेंटाजोसाइन, कीमत 3984.8 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### धान खरीदी घोटाले में फरार समिति प्रभारी गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम बाघामुड़ा के सोसायटी में धान में गड़बड़ी के मामले में पुलिस ने समिति प्रभारी को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि सोसाइटी में 40.96 लाख रुपये की धान अनियमितता का खुलासा हुआ था। जांच के दौरान ऑनलाइन रिकॉर्ड और भौतिक सत्यापन में 3304 कट्टा (1321.6 क्विंटल) धान गायब पाया गया था। जिसे लेकर समिति प्रभारी के विरूद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि 24.01.2026 को प्रार्थी व ब्रांच मैनेजर मुनगासेर सेवकराम चंद्राकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उपार्जन केंद्र बाघामुडा में ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार 1,25,878 कट्टा धान उपलब्ध होना प्रदर्शित हो रहा है, जबकि भौतिक सत्यापन करने पर 1,22,574 कट्टा मौके पर पाया गया। इस प्रकार से ऑनलाइन रिकार्ड और भौतिक सत्यापन करने पर कुल 3304 कट्टा धान (1321.6 क्विंटल) कम पाया गया, जिसका समर्थन मूल्य 3100 रुपए की दर से 40,96,960 रुपए होता है। मामले की रिपोर्ट पर समिति प्रभारी प्रेमसिंग ध्रुव के विरूद्ध अप.क्र. 12/2026 धारा 316(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि मामला पंजीबद्ध होने के बाद से आरोपी फरार था। जिसकी तलाश की जा रही थी। मामले की तफ्तीश के दौरान आरोपी के मोबाईल का सीडीआर एनालिसिस एवं लोकेशन की जानकारी मिलने पर उसे घेराबंदी कर ग्राम मोखा से गिरफ्तार किया गया।




# राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह, देशभर के 250 उत्कृष्ट शिक्षक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/बसना

राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा आयोजित

- उल्लेखनीय योगदान, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण के लिए मिला सम्मान

स्व.हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह-2026 समारोह में बुधवार को देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 250 उत्कृष्ट शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट भूमिका के लिए राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिभूमि समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि भारत का स्वर्णिम इतिहास इस बात का साक्षी है कि हमारे यहां गुरु का स्थान सर्वोच्च रहा है। प्राचीन काल में राजा भी अपने गुरुओं के सम्मान के लिए हर प्रकार का त्याग करने को तत्पर रहते थे, क्योंकि शिक्षक ही राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज समय के साथ परिस्थितियां बदली हैं और कई स्थानों पर शिक्षकों की भूमिका को केवल एक कर्मचारी तक सीमित करने का प्रयास दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि समाज को इस विषय पर गंभीर आत्ममंथन करना होगा कि जो शिक्षक आने वाली पीढ़ियों का निर्माण करता है, उसे उसके कार्य के अनुरूप सम्मान और प्रतिष्ठा मिले। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यह अत्यंत प्रेरणादायक और विचारणीय है कि शिक्षकों के सम्मान के लिए स्वयं शिक्षकों की संस्था आगे आकर राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा आयोजन कर रही है। यह केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि शिक्षा और शिक्षक के गौरव को पुनः स्थापित करने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों का भविष्य ही नहीं गढ़ता, बल्कि राष्ट्र के चरित्र, संस्कृति और सभ्यता का निर्माण करता है। ऐसे समर्पित शिक्षकों का सम्मान पूरे समाज का सम्मान है। शिक्षा में नवाचार और मूल्यों का समन्वय ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का आधार बनेगा।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पूर्णानंद मिश्रा ने कहा कि स्व. हरिवंश मिश्र के आदर्श, अनुशासन, शिक्षा के प्रति समर्पण और समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इस राष्ट्रीय सम्मान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करती रहेगी। संरक्षक मनोज वर्मा ने कहा कि सम्मानित शिक्षक समाज के वास्तविक प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका समर्पण नई पीढ़ी को संस्कार, ज्ञान और राष्ट्रप्रेम की दिशा देता है तथा ऐसे आयोजनों से शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है।



विशिष्ट अतिथि एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कहा कि शिक्षक का कार्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करना है। राष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाला यह सम्मान प्रत्येक शिक्षक को और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देता है। समारोह में स्वर्गीय हरिवंश मिश्र भूतपूर्व प्रधानपाठक के शिक्षा, अनुशासन एवं समाज सेवा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने सभी अतिथियों, सम्मानित शिक्षकों एवं सहभागियों का आभार जताया।

विदित हो कि अश्विका साव बसना ब्लॉक के ग्राम कुदारीबाहरा निवासी हरिराम साव की पुत्री हैं, जो अंतराष्ट्रीय मंचों पर अपनी छटा बिखेर रही है। कार्यक्रम में सम्मानित सभी 250 शिक्षकों को काली हल्दी का पौधा वितरण किया गया एवं स्व हरिवंश मिश्र की स्मृति में एक पौधा रोपण कर उसे संरक्षित संवर्धित कर 5 वर्ष तक निरंतर जीवित रखते हुए सुन्दरलाल बहुगुणा सम्मान से सम्मानित होने का संकल्प कराया गया। कार्यक्रम संचालन व्याख्याता तरुण कुमार दास एवं राष्ट्रीय महासचिव मोहन लहरी ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

इस अवसर पर डीजेंद्र कुर्रे, प्रेमचंद साव, डॉ. प्रज्ञा सिंह, रिंकल बग्गा, तरुण कुमार दास, अजय कुमार जायसवाल, जितेन्द्र मिश्रा, रूद्र नारायण तिवारी, रीता पति, मनोज मुच्छावड़, योगेश सिंह ठाकुर, गायत्री मिश्रा, एमएन वर्मा, आनंद शर्मा, गजेंद्र नायक, विशिकेशन प्रधान, उस्ताद अली, विनय कुमार पात्र, राम कुमार मैत्री, संतोषी साहू, शिव साहू, सुरेश साहू, ऋषिकेश साहू, देवेंद्र साहू, जयंत तुमनिया, सरविंद सिदार सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## केवल आर्थिक अनियमितता का नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास का मामला

# सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराई जाए स्वतंत्र जांच: तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एआईसीसी और पीसीसी के निर्देशन में श्री राम मंदिर में चढ़ावे और चंदे को लेकर कांग्रेस द्वारा आहूत पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पीसीसी के पूर्व महामंत्री राजेंद्र तिवारी ने कहा है कि भगवान श्री राम के नाम पर जुटाया गया करोड़ों रुपये का चंदा और चढ़ावा राजनीतिक संरक्षण में कथित रूप से लूटा गया। उन्होनें धर्म के आधार पर राजनिती का स्वागत किया लेकिन, वर्तमान में राजनीति आधारित धर्म को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

उन्होंने कहा कि केवल एसआईटी जांच से जनता संतुष्ट नहीं है, इसलिए पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों की जवाबदेही तय हो। पत्रकारवार्ता के दौरान तिवारी ने कहा कि भाजपा, आरएसएस, विश्व हिन्दू परिषद और संघ परिवार के संगठनों ने तीन दशकों तक भगवान राम के नाम पर राजनीति की और गरीब तथा मध्यम वर्ग से चंदा एकत्र कर सत्ता तक पहुंचे। तिवारी ने आरोप लगाया कि पहले श्री राम मंदिर निर्माण के लिए जुटाए गए चंदे में कथित हेराफेरी हुई। श्री राम मंदिर निर्माण के दौरान रामशिला पूजन के नाम पर 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की गई थी, लेकिन उसका स्पष्ट हिसाब आज तक सामने नहीं आया।



उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सब कुछ पारदर्शी था तो चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे क्यों हुए? यदि कोई अनियमितता नहीं हुई, तो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच से परहेज क्यों किया जा रहा है? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 22 जनवरी 2024 को हुए प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में लगभग 113 करोड़ रुपये तथा 25 नवंबर 2025 के ध्वजारोहण कार्यक्रम में 10.12 करोड़ रुपये खर्च किए गए। साथ ही फर्जी रसीदों, नकद चढ़ावे और लेखा-जोखा में कथित गड़बड़ियों के आरोप भी सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि कार्रवाई केवल छोटे कर्मचारियों तक सीमित है।

### मंदिरों का संचालन धर्माचार्यों के हाथों में सौंपी जाए

पत्रकार वार्ता में कांग्रेस ने मांग की कि राम मंदिर चढ़ावा और चंदे से जुड़े पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच कराई जाए। साथ ही वर्तमान ट्रस्ट को भंग कर धर्माचार्यों, प्रतिष्ठित नागरिकों, प्रशासनिक विशेषज्ञों और स्वतंत्र सदस्यों को शामिल करते हुए नया पारदर्शी एवं जवाबदेह ट्रस्ट गठित किया जाए। कांग्रेस ने मंदिर के लिए प्राप्त समस्त चंदे, चढ़ावे, भूमि खरीद, आयोजनों और खर्च का स्वतंत्र फोरेंसिक ऑडिट कर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करने की भी मांग की।

### पत्रकार वार्ता में इनकी रही उपस्थिति

पत्रकारवार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला, ग्रामीण अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर, खिलावन बघेल, सेवादल जिलाध्यक्ष नितेंद्र बेनर्जी, लक्ष्मी देवांगन, विरेंद्र चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## पंथी कलाकारों ने सीएम और मंत्री को दिया आमंत्रण



**रायपुर।** बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को सात समुंदर पार तक वैश्विक पहचान दिलाने वाले महान अंतर्राष्ट्रीय पंथी कलाकार स्व. देवदास बंजारे के स्मृति दिवस के अवसर पर 26 अगस्त को भव्य प्रदेश स्तरीय सतनाम पंथी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को सतनाम कलाकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हृदय प्रकाश अनंत के साथ कलाकार एवं सामाजिक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से मुलाकात कर उन्हें बतौर मुख्य अतिथि सादर आमंत्रित किया।

## डस्टबिन नहीं रखा प्रतिबंधित प्लास्टिक मिला 7 दुकानों पर जुर्माना

**रायपुर।** शहर में स्वच्छता अभियान चलाने और लोगों को शहर को साफ-सुथरा रखने की अपील के बाद भी डस्टबिन नही रखने और बाजार क्षेत्र में कचरा फैलाने की शिकायत थम नहीं रही है। नगर निगम जोन 2 क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को बाजार क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डस्टबिन नहीं रखने, गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने की शिकायत सही पाई गई। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर निगम की टीम ने मनमीत केमिकल, बालाजी एजेंसी, सिंघ हार्डवेयर, पलक हार्डवेयर, प्रिंस सेनिटेशन पर 1000-1000 रुपए, सुपर मशीनरी पर 500 रुपए, रामेश्वर साहू पर 2 हजार रुपए इस तरह कुल 7 संबंधित दुकानों के संचालकों पर 7,500 रुपए का ई चालान किया।

## बढ़े बिजली दरों से जनता बेहाल : ठाकुर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रही बिजली दरों, भारी-भरकम टैरिफ और अब जबरन थोपे जा रहे स्मार्ट मीटरों ने आम जनता, किसानों और व्यापारियों का जीना मुहाल कर दिया है। चारों ओर से सामने आ रही जनता की परेशानियां और जनाक्रोश यह साबित करता है कि बिजली विभाग और प्रशासन जमीनी हकीकत से पूरी तरह आंखें मूंदे बैठा है। इस जनविरोधी नीति, स्मार्ट मीटर की तानाशाही और शहर में व्याप्त जलसंकट के खिलाफ मुखर होते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व श्रम कल्याण मंडल सदस्य (छत्तीसगढ़ शासन) एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने सरकार और प्रशासन को आड़े हाथों लिया है।

**समीक्षा बैठक : अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल**

# जनपद सामान्य सभा में श्रम विभाग पर फूटा जनप्रतिनिधियों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जनपद पंचायत बागबाहरा की सामान्य सभा की महत्वपूर्ण बैठक 15 जुलाई को जनपद सभाकक्ष में अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार तथा सीईओ मनहरण लाल मंडावी की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की गई, लेकिन सबसे अधिक हंगामा और तीखी बहस श्रम विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर देखने को मिली। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों से प्रवासी श्रमिकों का आंकड़ा, पंजीकृत ठेकेदारों और पलायन करने वाले मजदूरों की जानकारी मांगी, लेकिन अधिकारी संतोषजनक जवाब देने में असफल रहे।



### कन्हैया लाल ध्रुव की मौत का मामला प्रमुखता से उठा

बैठक में ग्राम पंचायत बीकेबाहरा निवासी प्रवासी श्रमिक कन्हैया लाल ध्रुव की उत्तर प्रदेश में कार्य के दौरान हुई मौत का मामला प्रमुखता से उठाया गया। जनप्रतिनिधियों ने सवाल किया कि घटना को कई सप्ताह बीत जाने के बाद भी मृतक के परिजनों को न तो मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया और न ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट दी गई। इन दस्तावेजों के अभाव में परिवार आज तक शासकीय मुआवजा और बीमा राशि से वंचित है। सदस्यों ने इसे श्रम विभाग की गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि गरीब मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए बनाई गई योजनाएं केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई हैं।

### हर पंचायत में बनेगा 'पलायन पंजी'

बैठक में श्रम विभाग को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में अनिवार्य रूप से 'पलायन पंजी' संधारित किया जाए, जिसमें बाहर काम करने जाने वाले प्रत्येक श्रमिक, उसे ले जाने वाले एजेंट, कार्यस्थल और संपर्क संबंधी पूरी जानकारी दर्ज रहे, ताकि किसी दुर्घटना की स्थिति में परिवार को तत्काल सहायता और मुआवजा मिल सके।

### अध्यक्ष केशव चंद्राकर ने की अन्य विभागों की भी समीक्षा

बैठक की अध्यक्षता कर रहे केशव नायकराम चंद्राकर ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### कृषि विभाग से खाद-बीज की उपलब्धता पर मांगी जानकारी

अध्यक्ष ने कृषि विभाग के अधिकारियों से किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा खाद-बीज की कृत्रिम कमी या कालाबाजारी पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### शिक्षा विभाग से जर्जर स्कूल भवन और शिक्षकों की कमी पर जवाब-तलब

बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न ग्रामों के जर्जर स्कूल भवनों, शिक्षकों के रिक्त पदों और पढ़ाई की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष ने अधिकारियों से कहा कि जिन विद्यालयों में भवन जर्जर हैं अथवा शिक्षकों की कमी है, वहां तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होने दी जाए।

### आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति की ली जानकारी

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में जर्जर आंगनबाड़ी भवनों तथा उन आंगनबाड़ी केंद्रों का मुद्दा उठाया गया, जो आज भी शासकीय या सामाजिक भवनों में संचालित हो रहे हैं। अध्यक्ष ने अधिकारियों से ऐसे सभी केंद्रों की सूची तैयार कर आवश्यक भवन निर्माण की कार्यवाही तेज करने के निर्देश दिए।

### किसानों की मांग पर ट्रांसफार्मर लगाने की समीक्षा

बिजली विभाग की समीक्षा के दौरान किसानों की मांग के अनुरूप आवश्यक स्थानों पर नए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने और खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलने के विषय में अधिकारियों से जानकारी ली गई। अध्यक्ष ने कहा कि सिंचाई के मौसम में बिजली व्यवस्था बाधित नहीं होनी चाहिए और किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। बैठक में विद्युत, कृषि, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, वन, आदिम जाति कल्याण एवं शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं और कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, तुलाराम ठाकुर, बलराम ध्रुव, भूपेंद्र (मोंटू) दीवान, गरिमा चंद्राकर, मधुलिका चंद्राकर, भूमिका सिन्हा, तारेश्वरी पटेल, थनेश्वरी प्रहलाद साहू, दिव्या उपेंद्र दीवान, जामिन ठाकुर, मानबाई ठाकुर, रेणुका मरकाम, देवकी गायकवाड़, गीता दीवान, रुखमणि साहू, पूजा एवन साहू, भगवती ठाकुर, लता कुमारी कुम्हार, चंद्रकला साहू, पारस सांखला, लोचन पटेल एवं धनंजय साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोपेश व पुष्पकांत को मिला राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विकासखंड पिथौरा के शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय पिथौरा के व्यवसायिक शिक्षक गोपेश कुमार डड़सेना एवं प्रधान पाठक कन्या मिडिल स्कूल पिथौरा पुष्पकांत साहू को व्यावसायिक शिक्षा, साहित्य, समाजसेवा एवं नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान स्वर्गीय हरिवंश मिश्र की स्मृति में आयोजित समारोह में उनके पुत्र पूर्णानंद मिश्र द्वारा प्रदान किया गया।

प्रधान पाठक साहू एवं डड़सेना ने पिथौरा विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार आधारित शिक्षण, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तथा सामाजिक जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा को नई दिशा देने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में विद्यालय में कई अभिनव शैक्षणिक पहल संचालित की जा रही हैं, जिनसे विद्यार्थियों में सीखने की रुचि और रचनात्मक सोच का विकास हुआ है।

सम्मान प्राप्त करने पर गोपेश डड़सेना ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय परिवार, सहकर्मी शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं नगरवासियों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें व्यावसायिक शिक्षा और रमसा तथा एजुकेशन एलटीडी के क्षेत्र में और अधिक समर्पण, ईमानदारी एवं नवाचार के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताया है। कार्यक्रम में देशभर से आए शिक्षकों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की उपस्थिति रही। सम्मानित शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के इस अभिनव प्रयास की सराहना की तथा इसे शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।



## नवनियुक्त अध्यक्षों का नगर आगमन पर किया स्वागत

**सरायपाली।** छग राज्य अनुसूचित जाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष रामलाल चौहान एवं छग राज्य शाकंभरी बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र नायक पटेल के नियुक्ति के पश्चात प्रथम सरायपाली आगमन पर स्थानीय अघरिया कन्या छात्रावास में एक स्वागत कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व गणमान्यजनों की उपस्थिति में अध्यक्षद्वय का स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, ओमप्रकाश चौधरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती पटेल, पुष्पलता चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, चन्द्रकुमार पटेल, कामता पटेल, तारेश्वरी नायक, अमन वर्मा, गुंजन अग्रवाल, प्रमोद सागर, मनोज दास, विदित धनानिया, दीपक माखीजा, उद्धव नंद, दीनता कुम्हार, ओमप्रकाश चौधरी, अनंतराम पटेल, रमेश नायक, राजकुमार पटेल, राजकुमार भोई सहित सभी सोसायटी अध्यक्ष, सरपंच, सचिव, एल्डरमैनन, पार्षदगण व बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

## नरसिंगनाथ दर्शन के लिए 19 को रवाना होगा पेंशनर यात्रा दल

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला रायपुर के तत्वावधान में वरिष्ठ पेंशनर्स के लिए 19 जुलाई को नरसिंहनाथ धाम दर्शन एवं अध्ययन यात्रा का आयोजन किया गया है। यात्रा दल प्रातः 7:45 बजे यूनियन कार्यालय, रायपुर से रवाना होगा। यात्रा के दौरान प्रतिभागी सर्वप्रथम आरंग स्थित प्राचीन मांड देवल जैन मंदिर का दर्शन करेंगे। इसके पश्चात ओडिशा के प्रसिद्ध एवं पौराणिक महत्व नरसिंहनाथ धाम में भगवान नरसिंह देव के दर्शन-पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, की कामना करेंगे।

# युगपुरुष पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय की श्रद्धापूर्वक मनाई गई शताब्दी जयंती

**महासमुंद।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखिल भारतीय गायत्री परिवार के वरिष्ठ साधक एवं समाज सुधारक युगपुरुष पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय (शर्मा) की 100वीं जयंती उनके महासमुंद स्थित निवास पर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके पोते पार्थ शर्मा ने गायत्री यज्ञ संपन्न कराया तथा सायंकाल दीपयज्ञ का आयोजन किया गया।

वक्ताओं ने पंडित ज्वाला प्रसाद शर्मा के स्वतंत्रता संग्राम,



आध्यात्मिक जागरण, समाज सुधार, दहेज-मुक्त एवं सामूहिक विवाह अभियान तथा छत्तीसगढ़ में



गायत्री परिवार के विस्तार में दिए गए योगदान को स्मरण किया। उन्होंने युगपुरुष पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के सान्निध्य में समाज सेवा और संस्कार निर्माण का आजीवन कार्य किया तथा महासमुंद में अखंड ज्योति की स्थापना और विराट गायत्री महायज्ञों के माध्यम से जनजागरण का अभियान चलाया। श्रद्धांजलि सभा में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाने तथा सेवा, साधना और संस्कार के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि उनका जीवन समाज के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।



# जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंजा राजमहल मैदान

## बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा व महाप्रभु की रथयात्रा में उमड़ी भीड़

**सरायपाली।** राजमहल मैदान में महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा हर्षोल्लास के साथ श्रद्धालुओं के अपार जन समूह के बीच जय जगन्नाथ उद्घोष करते हुए निकाली गई। मंदिर से बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा व प्रभु जगन्नाथ को मंत्रोच्चार के साथ रथ पर आरुढ़ किया गया। इस दौरान भक्तों के अपार जनसमूह से भरा दिखाई दिया। इसी प्रकार श्रीराम मंदिर थाना चौक से भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पर सरायपाली नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे नगर मंच "जय जगन्नाथ" के जयघोष से वातावरण गूंज उठा और श्रद्धा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। भव्य रथयात्रा पारंपरिक गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के बीच निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से भगवान के रथ को खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल होकर आस्था और उत्साह का परिचय दिया। रथयात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी, पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा प्रसाद का वितरण किया। नगर का पूरा वातावरण धार्मिक उल्लास से सराबोर रहा। रथयात्रा पर्व ने सरायपाली में धार्मिक एकता, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ से क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## पीएम फसल बीमा 31 तक, पिछले वर्ष 1177 किसानों को मिली नुकसान की राशि

**रायपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को फसल उत्पादन के दौरान होने वाले नुकसान की भरपाई करती है। बाधित रोपाई, रोपण जोखिम, ओलावृष्टि, बादल का फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली, ओला गिरने तथा फसल की कटाई के बाद होने वाले नुकसान से बचाने का काम बीमा करता है। इस योजना के तहत जिले में पिछले वर्ष 1117 किसानों को नुकसान से बचाया गया। बीमा होने के कारण इन सभी किसानों को कुल 1 करोड़ 28 लाख रुपए की क्षति राशि दी गई। कृषि विभाग के अधिकारी सतीश अवस्थी ने बताया कि किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से बचाने के लिए ही यह योजना है, इसलिए प्रत्येक किसान को इस योजना से जुड़कर बीमा कराना चाहिए। जिले में धान सिंचित एवं असिंचित के साथ सोयाबीन, मक्का, अरहर, उड़द, रागी एवं कोदो भी अधिसूचना में शामिल है, जिसका बीमा किसान करा सकते हैं।

## एपीके फाइल भेजकर सीए के अकाउंट से चार लाख उड़ाए, झारखंड से अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीए को एपीके फाइल भेज कर उनके अकाउंट से 3.94 लाख रुपए उड़ाने वाले दो जालसाजों को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के साथ डी डी नगर पुलिस ने झारखंड, बोकारो से गिरफ्तार किया है।

- तकनीकी साक्ष्य की मदद से पुलिस ने दो जालसाजों को किया गिरफ्तार

कंचनगंगा फेस-2, डीडी नगर निवासी चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु दत्त बघेल ने शिकायत पर पुलिस ने विशाल कुमार सिंह (26) और महेश प्रसाद सिंह (34) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मोबाइल हैक कर बैंक खातों से रुपए उड़ाए थे। दोनों आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर सीए के मोबाइल पर एपीके फाइल मैसेज भेजा था। मैसेज ओपन करते ही मोबाइल हैक हो गया और तीन दिनों में यूको बैंक और एक्सिस बैंक खातों से पैसे निकाल लिए गए। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो मोबाइल फोन, एक चेक बुक और दो हजार रुपए नकद जब्त किए हैं।



### जालसाजों को पुलिस ने ऐसे किया गिरफ्तार

जालसाजों को पकड़ने क्राइम और डीडी नगर थाना की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम ने बैंक ट्रांजेक्शन, मोबाइल डेटा, इलेक्ट्रानिक साक्ष्य और तकनीकी इनपुट का विश्लेषण किया। जांच में आरोपियों की लोकेशन झारखंड के बोकारो जिले में मिली। इसके बाद पुलिस टीम वहां पहुंची और लगातार निगरानी के बाद दोनों जालसाजों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी मैसेज भेजे, जिससे पीड़ित का मोबाइल हैक हुआ और फिर बैंक खातों से अनाधिकृत आनलाइन ट्रांजेक्शन कर रकम निकाल ली गई।

# 14 उज्ज्वला गैस कार्ड, 12 से ज्यादा सिलेंडर जब्ती के मामले में अब होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित चंगोराभाठा में एक चॉइस सेंटर में खाद्य विभाग ने छापा मारकर गैस के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया था।

- चंगोराभाठा स्थित चॉइस सेंटर में छापे में अवैध सिलेंडरों की बिक्री का हुआ था भांडाफोड़

इस कारवाई के दौरान मौके से उज्वला योजना के तहत वितरित किए गए 14 गैस कार्ड के साथ एक दर्जन से अधिक विभिन्न कम्पनियों के भरे गैस सिलेंडर बरामद किए थे। इतनी बड़ी कार्रवाई के लगभग दो महीने बाद भी इस मामले में दुकान संचालक के खिलाफ विभाग ने कोई बड़ा एक्शन नहीं लिया और मामूली प्रकरण बनाने की खानापूर्ति कार्रवाई की। इधर इस मामले में अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वे इसमें सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देंगे। खाद्य निरीक्षक वीणा किरण साहू के नेतृत्व में लगभग दो माह पूर्व चंगोराभाठा स्थित एक चॉइस सेंटर में विभाग की टीम ने छापा मारा था। इस दौरान चॉइस सेंटर से एक दर्जन से अधिक गैस सिलेंडर तथा उज्ज्वला योजना के तहत वितरित किए गए 14 गैस कार्ड भी बरामद किए गए थे। जांच में पाया गया कि इस चॉइस सेंटर का संचालक दुकान की आड़ में गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार पिछले कई साल से करता आ रहा है। जांच में यह भी पाया गया कि जो 14 गैस कार्ड मौके से बरामद हुए हैं, उन कार्ड को दुकानदार स्वयं इस्तेमाल करता था तथा ऑनलाइन बुकिंग कराकर आसानी से इसकी डिलीवरी लेकर अधिक दाम पर ग्राहकों को बेचा करता था।

### कई गैस एजेंसी से साठगांठ की आशंका

छापामारी के दौरान मौके से मिले कई कंपनियों के सिलेंडर एवं गैस कार्ड मिलने से दुकान संचालक की कई गैस एजेंसियों से भी साठगांठ होने की संभावना जताई गई थी, लेकिन इस दिशा में विभाग द्वारा जांच तक नहीं की गई। इधर जिन उपभोक्ता के गैस कार्ड मिले हैं, उनके बारे में भी पता नहीं लगाया गया है कि आखिर ये कार्ड आरोपी संचालक के पास आए कैसे तथा इन कार्डों से सिलेंडर की बुकिंग एवं डिलीवरी कैसे हो रही थी।




### सख्त कार्रवाई कराई जाएगी

*कलेक्टर के निर्देश हैं कि गैस सिलेंडरों, डीजल-पेट्रोल के अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इस मामले में जांच कराकर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।*

*- कीर्तिमान सिंह राठौर, अपर कलेक्टर रायपुर*

# साढ़े आठ लाख उपभोक्ताओं के बकाया बिजली बिल का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के बकाया की वसूली के लिए प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजान में अब तक साढ़े आठ लाख उपभोक्ताओं के बकाया बिल का समाधान किया गया है। इसको इस योजना से साढ़े सात सौ करोड़ का सरचार्ज भी माफ हो गया है। अब बचे उपभोक्ताओं को भी योजना का लाभ देने के लिए योजना की तिथि को तीन माह के लिए बढ़ा दिया गया है। इसी के साथ जिन उपभोक्ताओं के मामले में न्यायालय में चल रहे हैं, उनको भी योजना का लाभ देने का ऐलान किया गया है, लेकिन इसके लिए ऐसे उपभोक्ताओं को पहले न्यायालय से अपने प्रकरण वापस लेने होंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने बताया, मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना में उपभोक्ताओं से मिल रहे उत्साहजनक प्रतिसाद को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा के अनुरूप छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना की अवधि 30 सितंबर 2026 तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल संबंधी प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं, वे न्यायालय से अपना प्रकरण वापस लेकर योजना के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। नियमानुसार आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद उन्हें उपलब्ध छूट एवं अन्य लाभ प्रदान किए जाएंगे।

**745 करोड़ का सरचार्ज माफ :** योजना में अब तक प्रदेश भर के 8 लाख 61 हजार 38 सक्रिय उपभोक्ताओं का पंजीयन हुआ है, जिन पर 1,493 करोड़ रुपए की कुल बकाया राशि है। इसको 745.61 करोड़ रुपए का सरचार्ज माफ किया गया है। इन उपभोक्ताओं से पंजीयन शुल्क के रूप में 85.22 करोड़ रुपए मिले हैं। 1 लाख 42 हजार 799 उपभोक्ताओं ने अपने प्रकरणों का संपूर्ण समाधान प्राप्त किया है।

# भवन निर्माण अनुमति के नाम पर नागरिकों को चक्कर लगवा रही नगर पालिका, विकास शुल्क निर्धारण पर चोपड़ा ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका परिषद महासमुंद में भवन निर्माण अनुमति के लिए आवेदन करने वाले ललित कुमार लहरे को लंबे समय से कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे थे। आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बाद भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा भवन निर्माण अनुमति जारी नहीं की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक महासमुंद एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा डॉ. विमल चोपड़ा अपने समर्थकों के साथ नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) से मुलाकात कर पूरे प्रकरण की जानकारी ली।

चर्चा के दौरान सीएमओ ने बताया कि आवेदक को 16 जुलाई को भवन निर्माण की अनुमति स्वीकृत कर दी गई। परंतु सीएमओ ने आवेदक के नाम जारी किए गए पत्र (क्रमांक 1230/ न.पा./ लो.नि.शा./ 2026-27, दिनांक 16 जुलाई 2026) का हवाला देते हुए बताया कि भवन निर्माण अनुमति के लिए विकास शुल्क 54,790 रुपए, मंजूरी शुल्क 7,128 रुपए, सड़क बाधा शुल्क 1,500 रुपए निर्धारित किया गया है। इस प्रकार कुल 63,418 रुपए नगद जमा करने के बाद तथा कर्मकार उपकर 16,437 रुपए (आरटीजीएस) करने के बाद ही भवन निर्माण अनुमति जारी की जाएगी। सीएमओ ने यह भी बताया कि यह विकास शुल्क पीआईसी द्वारा निर्धारित किया गया है तथा संबंधित भूमि को अविकसित क्षेत्र मानते हुए 40 रुपए प्रति वर्गफुट की दर से शुल्क लगाया गया है, जबकि उस क्षेत्र में सड़क एवं नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं।

इस पर डॉ. विमल चोपड़ा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि पीआईसी किसी भी प्रकार का नया शुल्क निर्धारित नहीं कर सकती, जब तक कि वह नगर पालिका परिषद में विधिवत पारित होकर नियमों के अनुरूप लागू न किया गया हो। उन्होंने कहा कि यदि प्रति वर्गफुट 40 रुपए का शुल्क प्रत्येक मंजिल पर लिया जाएगा, तो दो मंजिला भवन पर 80 रुपए प्रति वर्गफुट तथा तीन मंजिला भवन पर 120 रुपए प्रति वर्गफुट के हिसाब से शुल्क देना पड़ेगा। जबकि, भवन के सामने सड़क की चौड़ाई और नगर पालिका द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं में कोई वृद्धि नहीं होती।



डॉ. चोपड़ा ने कहा कि जिस स्थान पर सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां इतना अधिक विकास शुल्क लेना आम नागरिकों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था में कई लोगों को अपनी जमीन खरीदने की कीमत से भी अधिक राशि भवन निर्माण अनुमति के शुल्क के रूप में जमा करनी पड़ सकती है, जो पूरी तरह अव्यावहारिक और जनविरोधी है। उन्होंने सीएमओ से कहा कि आवेदक ललित कुमार लहरे के प्रकरण का तत्काल निराकरण कर भवन निर्माण अनुमति जारी की जाए। साथ ही वर्तमान में लिए जा रहे विकास शुल्क की वैधानिकता की जांच कराई जाए तथा यदि शुल्क निर्धारण नियमों के अनुरूप नहीं है तो उसमें तत्काल सुधार किया जाए। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि नगर पालिका का दायित्व नागरिकों को समयबद्ध और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है, न कि उन्हें महीनों तक कार्यालय के चक्कर लगाने के लिए मजबूर करना। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस प्रकार की शिकायतें लगातार मिलती रहीं तो इस विषय को उच्च स्तर पर उठाया जाएगा, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, एल्डरमैन मोहन साहू, एल्डरमैन हनीश बग्गा, पार्षद हरबंश सिंग ढिल्लो नानू भाई, भाजपा नेता राजू चंद्राकर, भाजपा नेता पवन साहू, भाजपा नेता जितेंद्र साहू, मेघराज चन्द्रसेन, विक्की गुरुदत्ता, भारत खत्री, सुरेन्द्र यादव, सुरेंद्र महाराज, पार्षद माखन पटेल, पार्षद पीयूष साहू, छन्नू साहू, धनी यादव, अशोक ध्रुव, सनी गिरी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### विहिप के सामाजिक समरसता विभाग की हुई बैठक

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद के सामाजिक समरसता विभाग की बैठक स्थानीय स्वाध्याय भवन कालेज रोड में हुई। बैठक का प्रारंभ भारत माता एवं राम जानकी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर, ब्राह्मण, विजय महामंत्र, एकात्मता मंत्र से हुआ। बैठक में सामाजिक समरसता के क्षेत्रीय प्रमुख गोपाल सोनी, प्रांत प्रमुख अखिलेश लूनिया, विभाग मंत्री सौरभ अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्षेत्र, कार्य पद्धति, कार्यकर्ता चयन, टोली निर्माण, कार्यविभाग के कार्यक्रम, बैठकें तथा प्रवास एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्य विस्तार में समरसता के दायित्वान कार्यकर्ताओं के योगदान और कार्य विस्तार पर चर्चा हुई। समाज में छुआछूत की भावना दूर करने एवं समाज में सामाजिक समरसता लाने के उद्देश्य से तीनों महासमुंद, गरियाबंद एवं धमतरी में सामाजिक समरसता का जिला टोली गठित किया गया। बैठक में समरसता प्रमुख, सहप्रमुख, समरसता में रूचि रखने वाले कार्यकर्ताओं, सभी विभागों के विभाग मंत्री एवं जिला मंत्री, जिला सह मंत्री को अपेक्षित आमंत्रित किए गए थे। बैठक में जिला मंत्री बसंत देवता, विनोद यादव, दीपांजलि भोई, खुशबू चक्रधारी, दुर्गा साहू, द्रोपति साहू, भामा साहू, लक्ष्मी पांडे, रूखमणि, भुनेश्वरी, दिलीप तामिन पटेल, मिनकेतन दास, टामेश्वर ठाकुर, ललित साहू, रवि प्रकाश प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत संयुक्त प्रवर्तन दल ने की 16 चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के निर्देशन में बिरकोनी क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा कोटपा अधिनियम, 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003) के तहत चालानी कार्रवाई की गई। चालानी कार्रवाई जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन तथा जिला नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से किया गया। कार्रवाई के दौरान औषधि निरीक्षक अवधेश भारद्वाज एवं अखिलेश पाण्डे द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कोटपा अधिनियम, 2003 की धारा 4 (सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध), धारा 6(क) (18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं उनके द्वारा उपयोग पर प्रतिबंध) तथा धारा 6(ख) (शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध) के उल्लंघन पाए जाने पर कुल 16 चालान बनाए गए। इस संयुक्त प्रवर्तन कार्रवाई में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी एवं पुलिस विभाग से आरक्षक भी उपस्थित रहे।



## दुलारपाली स्कूल में साइकिल वितरण, बालिकाओं के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में शिक्षा को बढ़ावा देने और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि देवकी पटेल सरपंच ग्राम पंचायत दुलारपाली थीं। अध्यक्षता प्राचार्य प्रेमानंद भोई ने की। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच आसमोती साहू, जीवनलाल साहू ,पारसमणि पटेल, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य रूपलाल साहू, मुक्तिराम निषाद, रामेश्वर भारती, केदार साहू आदि उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय की छात्राओं परी वैष्णव, तनीषा साहू, सुधा सिदार द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। विद्यालय के प्राचार्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा कक्षा नवमी के नवप्रवेशी 31 छात्राओं का तिलक व पुष्पहार से स्वागत कर निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य दूरदराज की छात्राओं को विद्यालय तक आसानी से आने जाने की सुविधा प्रदान करना है। साइकिल मिलने से बालिकाओं की न केवल विद्यालय में उपस्थिति बढ़ रही है, बल्कि असुविधा के कारण असमय पढ़ाई छोड़ने की दर में भी कमी आ रही है। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने तथा माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय ने एक स्वर में इस योजना को ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा के सशक्तीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।




समारोह में व्याख्याता उपेंद्र बुड़ेक, एनएसएस प्रभारी कृष्ण कुमार नायक, रोहित कुमार साहू, अंजलि पटेल, रूपधर पटेल, कविता पटेल, अमित चौरसिया, द्रुपद पटेल, जयनारायण पटेल, लोकेंद्र नायक, पद्मिनी भोई, राकेश प्रधान, सीएस विशाल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों की भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन रोवर लीडर टेकलाल पटेल तथा आभार व्यक्त रेडक्रॉस काउंसिलर रोहित कुमार साहू ने किया।

### सेवा सेतु पोर्टल बना आमजन के लिए सहारा मुकुटा को आसानी से मिला नया राशन कार्ड ऑनलाइन प्रक्रिया से समय और श्रम की बचत

**महासमुंद।** शासन की जनहितकारी पहल सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं सरल और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में बसना विकासखंड के ग्राम पंचायत गनेकेरा निवासी मुकुटा पति लोकनाथ को सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नया राशन कार्ड सहजता से प्राप्त हुआ। ग्राम पंचायत गनेकेरा के मनीष सोनी ने मुकुटा के राशन कार्ड के लिए सेवा सेतु पोर्टल पर आवेदन किया था। आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उनका राशन कार्ड आसानी से बन गया। राशन कार्ड मिलने से मुकुटा ने खुशी व्यक्त करते हुए शासन और प्रशासन का आभार जताया। जिला तकनीकी प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नए राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं।

पोर्टल की प्रक्रिया बेहद सरल, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल है। इससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समयबद्ध तरीके से सेवाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सेवा सेतु पोर्टल शासन की विभिन्न सेवाओं को डिजिटल माध्यम से आमजन तक पहुंचाने का प्रभावी मंच बन चुका है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी घर के नजदीक ही आवश्यक शासकीय सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से राशन कार्ड सहित कई महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ आसानी से लिया जा सकता है, जिससे आम नागरिकों का समय और खर्च दोनों बच रहे हैं।

## वुमेन फॉर ट्री योजना में कार्यरत महिलाओं का मानदेय शीघ्र भुगतान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका द्वारा संचालित वुमेन फॉर ट्री योजना के अंतर्गत विगत वर्ष लगभग 700 पौधों के संरक्षण एवं देखभाल का कार्य महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को सौंपा गया था। योजना के तहत कार्य कर रही महिलाओं ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से मुलाकात कर बताया कि उन्हें पिछले छह माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने तत्काल मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत कार्यरत पात्र महिला स्व-सहायता समूहों के लंबित मानदेय का परीक्षण कर भुगतान निरस्त करने संबंधी किसी भी कार्रवाई पर रोक लगाई जाए तथा नियमानुसार उनका लंबित मानदेय शीघ्र जारी किया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि वूमैन फॉर ट्री योजना का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महिलाओं को रोजगार एवं आर्थिक सशक्तीकरण प्रदान करना है। ऐसी स्थिति में योजना के अंतर्गत कार्य करने वाली महिलाओं को समय पर मानदेय मिलना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर पात्र महिलाओं के भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने आश्वासन दिया है कि मामले का शीघ्र निराकरण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

क्रमांक 29 क/नजूल पट्टा नवीनीकरण/ 2026
महासमुंद दिनांक 17/07/2026

आवेदिका सुकरिया बाई पति बाबा शर्मा निवासी वार्ड नं. 22 सुभाष नगर महासमुंद प.ह.नं. 42 तहसील व जिला महासमुंद द्वारा ग्राम महासमुंद में स्थित नजूल पट्टे की भूमि ख.नं. 1987/2 का भाग रकबा 1140 वर्गफीट भूमि कलेक्टर रायपुर का राजस्व मामला क्रमांक 21 अ-20 (1) वर्ष 1978-79 को 10 वर्ष की अवधि के लिए जारी किया गया है। जिसका वर्ष 2001 तक प्रिमियम की राशि जमा कर पट्टा आगामी दस वर्ष तक की अवधि के लिए नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका द्वारा वार्ड 22 सुभाष नगर महासमुंद प.ह.न. 42 तहसील व जिला महासमुंद में स्थित नजूल पट्टे की भूमि के नवीनीकरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो वे स्वंय अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति / दावा दिनांक 24.07.2026 तक न्यायालयीन में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 17.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ स्थानीय समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर — **नजूल अधिकारी महासमुंद**

## नाबार्ड के उपप्रबंध निदेशक रावत ने किया जिले का दौरा




**महासमुंद।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के उप प्रबंध निदेशक गोवर्धन सिंह रावत ने गुरूवार को महासमुंद जिले का दौरा किया। उनके साथ नाबार्ड छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय से मुख्य महाप्रबंधक डीके गवली, महाप्रबंधक शीतांशु शेखर, उप महाप्रबंधक ब्रजेंद्र किशोर सामंतराय, उप महाप्रबंधक अजय थुटे तथा जिला विकास प्रबंधक महासमुंद प्रियब्रत साहू भी उपस्थित रहे।

दौरे के प्रारंभ में रावत ने ग्राम भोरिंग स्थित नवगठित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (पैक्स) पहुंचकर समिति के व्यवसाय संचालन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सुझाव दिया कि तुमगांव पैक्स से इस नवगठित समिति के पृथक्करण की प्रक्रिया सुगमतापूर्वक सम्पन्न की जाए। उन्होंने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक (डीसीसीबी) रायपुर को निर्देशित किया कि समिति के कंप्यूटरीकरण कार्य में समुचित सहयोग प्रदान किया जाए तथा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुरूप किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाए। तत्पश्चात रावत ने रायतुम पैक्स का भ्रमण किया, जो पैक्स कंप्यूटरीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए किसानों के ऋण संबंधी विवरणों की वास्तविक समय में प्रविष्टि कर रही है। उन्होंने समिति की इस उपलब्धि की सराहना की तथा पैक्स कर्मचारियों से कंप्यूटरीकरण में आ रही कठिनाइयों एवं विभिन्न गतिविधियों से जुड़े एकाधिक पोर्टलों को सरल बनाए जाने के संबंध में विचार-विमर्श किया। दोनों पैक्स परिसरों में रावत ने पौधरोपण भी किया। इस दौरान डीसीसीबी रायपुर से चंद्राकर एवं अविनाश शर्मा उपस्थित रहे। पश्चात रावत सिरपुर पहुंचे, यहां छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर में उन्होंने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के महत्व पर बल दिया तथा स्वीकृत ऋणों का वितरण किया। जिसमें ड्रोन, कंबाइन हार्वेस्टर, केसीसी एवं स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ऋण की वित्तीय सहायता शामिल थी। रावत ने छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की सिरपुर स्थित नवीन शाखा भवन का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा भी उपस्थित रहे।

### पांच सौ टन चीनी सप्लाई का झांसा देकर 1.87 करोड़ की ठगी

**रायपुर।** महाराष्ट्र, पुणे के चार कारोबारियों ने राजधानी के एक कारोबारी को 187 करोड़ रुपए कीमत की पांच सौ टन चीनी सप्लाई करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है। कारोबारियों ने रायपुर के कारोबारी के साथ 1.87 करोड़ रुपए की ठगी की है। खमतराई थाने की पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है। कारोबारी राजेश अग्रवाल ने नाथबाबा एग्रो ट्रेड हब प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि राजीव मोरे और कंपनी के अन्य संचालक रफीक बाबा शेख, मिनोज बाबा शेख और गजाला शेख के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पुणे के कारोबारियों ने राजेश से पहले समय पर माल की आपूर्ति कराने का विश्वास जीता, फिर 500 टन चीनी की सप्लाई का झांसा देकर 1.87 करोड़ रुपए आरटीजीएस के जरिए ले लिए, लेकिन माल कभी नहीं भेजा।

### निधन

**लक्ष्मी नारायण कहार**



**महासमुंद।** समीपस्थ ग्राम बेमचा निवासी लक्ष्मी नारायण कहार (लच्छू) का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार 18 जुलाई शनिवार को सुबह 10 बजे मुक्तिधाम में होगा। वे तरुण, नरेश व संजय कहार के भाई थे।



**खबर संक्षेप**

## 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 3 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नावाडीह के मृतक तोरण ठाकुर की पत्नी पुन्नी बाई ठाकुर, पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम रजपालपुर के मृतक दरसराम बरिहा के पुत्र तुलसी दास बरिहा एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम तोषगांव के मृतक सत्यवान यादव की पत्नी सौदामिनी के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## रेत खदान पासीद की लाटरी प्रक्रिया 24 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 के अंतर्गत खनिज शाखा महासमुंद द्वारा एमएसटीसी पोर्टल पर महासमुंद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पासीद स्थित महानदी के खसरा क्रमांक-01 का भाग, रकबा 4.80 हेक्टेयर की रेत खदान के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया 17 जून 2026 को आयोजित की गई थी। उक्त रेत खदान के लिए प्रस्तावित लॉटरी प्रक्रिया अपरिहार्य कारणों से संपन्न नहीं हो सकी थी। अब इस रेत खदान के लिए निविदा में भाग लेने वाले सभी संबंधित बोलीदाताओं को सूचित किया गया है कि इलेक्ट्रानिक नीलामी के माध्यम से लाटरी द्वारा अधिमानी बोलीदाता की चयन प्रक्रिया 24 जुलाई 2026 को प्रातः 11 बजे की जाएगी। खनिज शाखा ने सभी पात्र एवं संबंधित बोलीदाताओं से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है।

## मुख्यमंत्री को पाणिग्रही ने ट्वीट कर दिया धन्यवाद

**बागबाहरा।** प्रख्यात पंडवानी



गायिका पद्मविभूषण डॉ तीजन बाई के नाम से लोक कला अलंकरण पुरस्कार देने, गनियारी हायर सेकेंडरी स्कूल का नामकरण तीजन बाई के नाम से तथा तंबूरे को संरक्षित रखने की घोषणा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तीजनबाई के दशगात्र में गनियारी में किया। लोक कलाकारों, तीजनबाई के कलाकारों सहित लोगों को अच्छा लगा। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ शासन का धन्यवाद एवं आभार करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि अस्थि कलश विसर्जन के लिए प्रयागराज जाने के दिन मैं भी गनियारी श्रद्धांजलि देने पहुंचा था। स्मृति में तीजनबाई के आराध्य बृंदावन बिहारीलाल की फोटो तथा शमी पौधा स्मृति भेंट स्वरूप परिवार जनों को दिया। इसी अवसर पर मैने भी यह मांग की कि डॉ तीजन बाई के नाम से राज्य पुरस्कार स्थापित किया जाए, तीजन स्मृति स्तंभ एवं प्रतिमा जगह जगह लगे तथा पंडवानी कला शोध केंद्र स्थापित हो। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा से हृदय से प्रसन्नता हो रही है। तीजन बाई की पंडवानी सदा जीवंत रहेगी।

# भजन-कीर्तन के साथ रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी

### राममंदिर के पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन पूजन महाआरती के बाद निकाली गई रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा





रिमझिम फुहारों और सुहाने मौसम के बीच ओडिशा के खरियार रोड नगर में 16 जुलाई गुरुवार को महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी, देवी सुभद्रा और भैया बलभद्र की भव्य रथयात्रा अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ निकाली गई। आसमान से बरसती रिमझिम बूंदों के बीच 'जय जगन्नाथ' के जयकारों के साथ महाप्रभु का रथ यात्रा रिमझिम बारिश की बूंदों के बीच थिरकी लोक संस्कृति रथयात्रा में प्रकृति की खूबसूरती और पारंपरिक लोक संस्कृति का अद्भुत तालमेल देखने को मिला। रिमझिम बारिश के बीच पारंपरिक ओडिसी और छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में सजे कलाकारों ने मांदर, ढोल और मंजीरों की थाप पर शानदार भजन कीर्तन व नृत्य प्रस्तुत किए। गीली सड़कों पर भगवान की अगवानी में थिरकते कलाकारों और बारिश की परवाह किए बगैर झूमते भक्तों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महाप्रभु के नंदीघोष रथ की रस्सी खींचकर पुण्य लाभ कमाने के लिए खरियार रोड और आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बारिश की बूंदों के बीच भी भक्तों का हुजूम कम नहीं हुआ और शाम ढलने से लेकर देर रात तक दर्शन व पूजा-अर्चना का सिलसिला अनवरत चलता रहा। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा रथ की अगवानी की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अस्वस्थता के बाद एकांतवास से लौटकर महाप्रभु हर साल आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को अपनी मौसी के घर (गुंडिचा मंदिर) जाने के लिए निकलते हैं। खरियार रोड नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महाप्रभु का रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचेगा, जहां भगवान नौ दिनों तक विराजमान रहकर श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। इस दौरान श्रद्धालुओं को गजामूंग का प्रसाद वितरण किया गया।

## नर्रा में रिमझिम फुहारों के बीच निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



**नर्रा।** जय जगन्नाथ के जयघोष, पारंपरिक बैंड-बाजे की मधुर धुन और आषाढ़ की रिमझिम बरसती फुहारों के बीच ग्राम नर्रा में महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। महाप्रभु भगवान जगन्नाथ स्वामी, अपनी लाडली बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ रथ पर सवार हुए। रथ पर विराजे तीनों विग्रहों के दर्शन के लिए गांवों के गलियों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पारंपरिक बैंड-बाजा रथयात्रा के आगे-आगे चल रहे थे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को विशेष रूप से तैयार किया गया महाप्रसाद गजामूंग, नारियल वितरित किया गया।

### सभी पार्षद अपने-अपने वार्डों में लगाएंगे 100-100 पौधे

# हरियर महासमुंद के तहत शहर में 5000 पौधे लगाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में नगर पालिका ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। नगर पालिका कार्यालय में अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में सभापति एवं समस्त पार्षदों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, जनस्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण को प्राथमिकता देते हुए पूरे नगर में हरियर के तहत 5000 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर के सभी वार्डों में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक पार्षद अपने वार्ड में कम से कम 100 पौधे लगाएंगे और उनकी नियमित देखरेख की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही नगर के भीतर उपलब्ध खाली भूमि, सार्वजनिक स्थलों, सामुदायिक भवनों के आसपास और सड़क किनारों पर भी बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। ताकि, हरियाली का विस्तार पूरे शहर में समान रूप से हो सके।

अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और तापमान को देखते हुए हरियाली बढ़ाना आज समय की मांग है। स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए पेड़ लगाना केवल औपचारिकता नहीं बल्कि सामाजिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के लिए सभी पार्षदों को आवश्यकतानुसार पौधे उनके द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। पौधों की प्रजातियों का चयन इस प्रकार किया जाएगा जो स्थानीय जलवायु के अनुकूल हों और छाया के साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक हों। साहू ने सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और विद्यालयों से भी इस अभियान में सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि महासमुंद को हरा भरा बनाने का यह प्रयास तभी सफल होगा जब हर व्यक्ति इसे अपना कर्तव्य समझे। एक पौधा लगाकर उसकी रक्षा करना आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और बेहतर जीवन देने के समान है। यह सकारात्मक पहल महासमुंद को पर्यावरण मित्र शहर के रूप में विकसित करने में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर सभापति जयकुमार देवांगन, ज्योति रिंकू चंद्राकर, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा, भारती चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, धनेश्वरी सोनवानी, माधुरी धनीराम यदु, चंद्रशेखर बेलदार, धनेंद्र विक्की चंद्राकर, राहुल आवड़े, बड़े मुन्ना देवार आदि उपस्थित थे।

## बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ योजना के तहत छात्राओं को दिया गया आत्मरक्षा प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण केंद्र के तत्वावधान में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत आज शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्रा में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिक्वेंद्र जटवार के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में विद्यालय की लगभग 260 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कराया। साथ ही उन्हें विपरीत परिस्थितियों में आत्मविश्वास के साथ स्वयं की सुरक्षा करने, सतर्क रहने तथा महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर आत्मरक्षा के प्रभावी गुर सीखे। विद्यालय के प्राचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ साथ व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और साहस को भी नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार, मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद तथा प्रशिक्षण दल का योगदान रहा।

# सशिमं में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया रथयात्रा का महापर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा




रथ यात्रा पर्व पर सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा में भगवान जगन्नाथ का पूजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों एवं आचार्य परिवार ने सहभागिता करते हुए भगवान जगन्नाथ की आराधना की।

इस अवसर पर भैया-बहनों ने भगवान जगन्नाथ की महिमा का गुणगान करते हुए भक्ति गीत एवं भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। विद्यालय के आचार्य नंद कुमार चक्रधारी ने भगवान जगन्नाथ के जीवन-दर्शन, रथ यात्रा के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व तथा ओडिशा के पुरी स्थित विश्वविख्यात जगन्नाथ मंदिर के इतिहास एवं परंपराओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरणादायक जानकारी प्रदान की साथ ही भैया कान्हा वर्मा एवं बहिन भावना साहू, निकिता साहू, अपर्णा नायक, चित्रांगना नायक ने भी सुंदर भजन एवं गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के समापन पर भगवान जगन्नाथ की सामूहिक आरती की गई तथा सभी भैया-बहनों, आचार्यगण एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे कार्यक्रम का वातावरण भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण रहा।

# स्कूली बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तराशेंगे शिक्षक स्वामी आत्मानंद स्कूल तुमगांव में हुई विशेष कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला प्रशासन की मंशा के अनुरूप स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल ₹लक्ष्य महासमुंद₹ की शुरुआत की गई। ग्रामीण एवं स्थानीय स्तर के शासकीय विद्यालयों के बच्चों को राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं (जैसे जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य आदर्श विद्यालय आदि) के लिए मानसिक और शैक्षणिक रूप से तैयार करने के उद्देश्य से शिक्षकों के लिए एक विशेष कार्यशाला आयोजन किया गया। यह कार्यशाला पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (संकुल केंद्र तुमगांव) में हुई।

जोन सतरीय इस विशेष प्रशिक्षण सत्र में क्षेत्र के 6 प्रमुख संकुल केंद्रों तुमगांव, लोहारडीह, गढ़सिवनी, बिरकोनी (बालक) एवं बिरकोनी (कन्या) सहित अन्य संकुलों के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों से एक-एक शिक्षक अनिवार्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यशाला में विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर के रूप में गोपाल साहू, सुब्रमण्यम बंजारे, गोमेश्वरी साहू एवं अंजू सोनक्षेत्र रहे। उन्होंने विभिन्न सत्रों के माध्यम से शिक्षकों को परीक्षा पैटर्न, ओएमआर शीट भरने के तरीके, मानसिक योग्यता को पहेलियों के माध्यम से हल कराने की तकनीक और भाषा व अंक गणित की बुनियादी समझ को मजबूत करने की नवीन शिक्षण विधियों से अवगत कराया।

**संकुल समन्वयकों ने बढ़ाया उत्साह:** कार्यशाला में संकुल समन्वयक आशीष कुमार साहू, बेदराम गिलहरे एवं मानिक राम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिक्षकों को संबोधित करते हुए संकुल समन्वयकों ने कहा कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग का यह साझा प्रयास ग्रामीण अंचल के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि वे यहाँ से सीखे गए कौशल और रणनीतियों को अपने-अपने स्कूलों में तुरंत लागू करें, ताकि आगामी सत्र की परीक्षाओं में जिले से रिकॉर्ड संख्या में बच्चों का चयन देश के प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालयों में हो सके।

# दागी कंपनी को काम देकर भाजपा सरकार जनता के पैसे की कर रही बर्बादी : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों की पैथोलॉजी जांच और अमृत फार्मेसी का संचालन बिना टेंडर एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड को सौंपे जाने पर पूर्व संसदीय सचिव एवं महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इसे स्वास्थ्य विभाग का सबसे बड़ा घोटाला और जनता के पैसे की खुली लूट करार दिया है। चंद्राकर ने जारी बयान में कहा कि सरकार ने पीपीपी मॉडल के नाम पर पूरे प्रदेश के जिला अस्पतालों, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की लैब एक निजी कंपनी को सौंप दी है। इस समझौते के तहत सरकार 1000 करोड़ रुपए की अत्याधुनिक मशीनें, भवन, जगह और पूरा स्टाफ मुफ्त में देगी। साथ ही कंपनी के 2.5 करोड़ रुपए के वेतन का भार भी सरकार ही उठाएगी। इसके बावजूद मरीजों से जांच का शुल्क वसूला जाएगा और सरकार को प्रति टेस्ट अलग से भारी भुगतान करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता पूरी तरह से एकतरफा है। इसमें कंपनी का कोई वित्तीय जोखिम नहीं है। सरकार जमीन, बिल्डिंग, बिजली, पानी, मशीन और स्टाफ सब देगी और ऊपर से वेतन भी देगी। फिर भी मुनाफा कंपनी कमाएगी। इससे साफ है कि सरकार बचत नहीं बल्कि बरबादी कर रही है।

पूर्व विधायक ने सबसे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस कंपनी को यह ठेका दिया गया है, उसके खिलाफ मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में सीबीआई की जांच चल रही है और एफआईआर भी दर्ज है। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन सीजीएमएससी के अपने नियमों में स्पष्ट है कि जिस फर्म पर सीबीआई जांच चल रही हो वह किसी भी टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकती। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने सभी नियमों और पारदर्शिता को ताक पर रखकर सीधे नामिनेशन दे दिया। चंद्राकर ने जीएफआर-2017 का हवाला देते हुए कहा कि शासन के नियमों के अनुसार कोई भी कार्य बिना टेंडर केवल 4 विशेष



परिस्थितियों में ही नामिनेशन पर दिया जा सकता है। पहली- बाढ़, आपदा या महामारी जैसी आपात स्थिति। दूसरी – बार-बार टेंडर फेल होना। तीसरी-काम करने वाली एकमात्र संस्था होना। चौथी-सरकार को पुख्ता विश्वास हो कि इससे बड़ी राशि की बचत होगी। लेकिन वर्तमान मामले में इन चारों में से कोई भी शर्त पूरी नहीं होती। इसके बावजूद साय सरकार ने प्रदेश के दो सबसे बड़े स्वास्थ्य कार्य सभी सरकारी अस्पतालों की लैब का संचालन और अमृत फार्मेसी खोलने का ठेका एक ही कंपनी को सौंप दिया। उन्होंने कहा यदि सीजीएमएससी सही काम नहीं कर पा रही तो उसे दुरुस्त किया जाए, उसमें सुधार किया जाए। लेकिन सरकारी अस्पतालों की पूरी व्यवस्था, इक्विपमेंट और फैकल्टी को निजी हाथों में सौंप देना जनता के साथ धोखा है। पैथोलॉजी का ठेका देने के बाद सालों से काम कर रहे अनुभवी डॉक्टरों, टेक्नीशियनों और लैब कर्मचारियों को अचानक बेरोजगार कर दिया गया है। सरकार मानव संसाधन को बर्बाद कर रही है। पूर्व विधायक ने सरकार के 250-300 करोड़ बचत के दावे को भी खारिज किया। उन्होंने कहा कि जांच दरों में मामूली कमी दिखाकर बड़ा खेल किया जा रहा है। हकीकत में सरकार को प्रति टेस्ट कई गुना भुगतान करना पड़ेगा। पहले से खरीदी गई मशीनें आज धूल खा रही है। और अब उनके संचालन का ठेका भी निजी हाथों में दे दिया गया। अमृत फार्मेसी के ठेके पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में पहले से प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती जेनेरिक दवाएं उपलब्ध हैं, तो फिर ऐसी दागी कंपनी को अमृत फार्मेसी का ठेका देने का औचित्य क्या है? इसका एकमात्र मकसद लोकल पर्चेस के नाम पर अस्पतालों में दवा का स्टॉक खत्म बताकर मरीजों को महंगी दवा खरीदने के लिए मजबूर करना है। गरीब मरीजों को दोहरी मार पड़ेगी। अंत में चंद्राकर ने मांग की कि सरकार इस अवैध नामिनेशन को तत्काल निरस्त करे, पुराने कर्मचारियों को वापस काम पर ले और पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भी भ्रष्टाचार और मिलीभगत को संरक्षण दे रही है। सरकार की मनमानी व अनैतिक कार्यों को प्रदेश की जनता देख रही है, इसकी कीमत भाजपा को 2028 में चुकानी पड़ेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com




30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411